उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, अंशदायी भविष्य निधि ट्रस्ट

14—अशोक मार्ग, शक्ति भवन (विस्तार),
लखनऊ — 226001

Ph No- 0522-2288187
Website-www.uppst.org
E-mail- cpftrust.2004@gmail.com

पत्रांकः 1038/ट्रस्ट/पी0सी0एल0/सी0पी0एफ0/18 दिनांकः— 06 /03/2019

कार्यालय ज्ञाप

अंशदायी भविष्य निधि योजना के सम्बन्ध मे निर्गत कार्यालय ज्ञाप 1274/पी0एण्ड0आर0/28 पा0का0लि0 दिनांक 18/06/2004 एवं निदेशक (वित्त एंव ट्रस्टी), उ0प्र0पा0का0लि0 के कार्यालय ज्ञाप संख्या 380/ट्रस्ट/पी0सी0एल0/सी0पी0एफ0/18 दिनांक 25/06/2014 के अनुक्रम में अं0भ0नि0 से आवरित कार्मिकों की संख्या एवं आहरण एवं वितरण अधिकारियों की संख्या में निरन्तर वृद्धि, इकाई एवं क्षेत्र स्तर से सत्यापित संकलित अनुसूची प्रेषित करने मे अप्रत्याशित विलम्ब/कार्य मे सुगमता आदि बिन्दुओं को ध्यान मे रखते हुये, प्रबन्धन द्वारा, लेखापर्ची निर्गमन एवं अन्तिम भुगतान के प्रकरणों के निस्तारण सम्बन्धी कार्य को डिस्काम/निगम मुख्यालय स्तर पर विकेन्द्रीकृत करने का निर्णय लिया गया है, जिससे कि लेखापर्ची निर्गमन एवं अन्तिम भुगतान के प्रकरणों के निस्तारण का कार्य, समय से संभव हो सके। उपरोक्त के सम्बन्ध में निम्नवत् प्रक्रिया के अनुसार कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित किया जायेगाः—

1. उ0प्र0पा0का0लि0 मे कार्यरत कार्मिकों के समस्त संवर्गो से सम्बन्धित, समस्त कार्य ट्रस्ट स्तर पर पूर्व व्यवस्था के अनुसार यथावत् किया जायेगा।
2. लेखापर्ची निर्गमन, अन्तिम भुगतान प्रकरणों का निस्तारण एवं निधि मांग का संकलन सम्बन्धी कार्य डिस्काम मेरठ, आगरा, लखनऊ, वाराणसी, केस्को, उ0प्र0पा0ट्राँ0का0लि0 मुख्यालय स्तर से किया जायेगा। उपरोक्त कार्यो के निष्पादन हेतु उपलब्ध कार्मिकों मे से एक लेखाधिकारी एवं आवश्यक लेखाकार/स0 लेखाकार को अधिकृत कर दिया जायें।
3. ट्रस्ट स्तर पर कम्प्यूटर में उपलब्ध विवरण, अन्य सम्बन्धित अभिलेख, संकलित सूची, प्रूफशीट आदि निगम के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा 25/03/2019 तक प्राप्त कर ली जायें। कार्य के सम्बन्ध में ट्रस्ट के सम्बन्धित लेखाधिकारी, सहा0 लेखाकारो द्वारा आवश्यक सहयोग प्रदान किया जायेगा।
4. सम्बन्धित निगम मुख्यालय द्वारा अ0भ0नि0 अग्रिम, अन्तिम भुगतान आदि की इकाईवार मासिक निधि मांग ट्रस्ट को प्रस्तुत की जायेगी, ट्रस्ट द्वारा निगम मुख्यालय को सम्बन्धित कार्मिकों को भुगतान हेतु एकमुश्त धन अवमुक्त किया जायेगा।

5- ट्रस्ट द्वारा निगम मुख्यालय को अं0भ0नि0 से सम्बन्धित धन प्रेषित करने हेतु निगम मुख्यालय स्तर पर "UPPCL CPF TRUST" के नाम से खाता संचालित करना होगा। वर्तमान मे केन्द्रीय स्तर पर ट्रस्ट का खाता ICICI Bank में संचालित है।

6- ट्रस्ट के खाते संकलन हेतु आवश्यक सूचनायें, विवरण निगम मुख्यालय स्तर से ट्रस्ट को उपलब्ध कराया जायेगा। साथ ही इकाई एवं निगमों के बीच हुआ व्यवहार का समाधान भी निगम स्तर से किया जायेगा।

7- उपरोक्त कार्य योजना के अनुरूप आवश्यक लेखांकन कोड एवं लेखीय प्रक्रिया का निर्धारण उ0प्र0पा0का0लि0 के कारपोरेट अनुभाग स्तर से सुनिश्चित कराया जाना प्रस्तावित है।

8- ट्रस्ट द्वारा सम्पादित शेष सभी कार्य पूर्व की भांति यथावत् सम्पादित किये जाते रहेगें।

उपर्युक्त प्रक्रिया के क्रियान्वयन की सुगमता हेतु सचिव ट्रस्ट समन्वय अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे।

(सुधांशु द्विवेदी)
निदेशक (वित्त) एवं ट्रस्टी

पत्रांकः 1038/ट्रस्ट/पी0सी0एल0/सी0पी0एफ0/18 तद्‌दिनाँक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0पा0ट्राँ0का0लि0/मध्यांचल/पूर्वाचल/पश्चिमांचल/दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि0, लखनऊ/वाराणसी/ मेरठ/ आगरा/ केस्को, कानपुर।
2. निदेशक (कार्मिक एवं प्रबन्धन), उ0प्र0पा0का0लि0/उ0प्र0पा0ट्राँ0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
3. निदेशक (वित्त), उ0प्र0पा0ट्राँ0का0लि0/मध्यांचल/ पूर्वाचल/पश्चिमांचल/दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि0, लखनऊ/वाराणसी/ मेरठ/ आगरा/ केस्को, कानपुर।
4. अधिशासी निदेशक (लेखा एवं सम्प्रेक्षा), उ0प्र0पा0का0लि0/उ0प्र0पा0ट्राँ0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
5. उपमहाप्रबन्धक (कारपोरेट लेखा), उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की उपरोक्त कार्य योजना के अनुरूप आवश्यक लेखांकन कोड एवं लेखीय प्रक्रिया का निर्धारण अपने स्तर से सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।
6. समस्त उपमुख्य लेखाधिकारी, क्षेत्रीय लेखा कार्यालय (वितरण), मध्यांचल/पूर्वाचल/पश्चिमांचल/दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि0, लखनऊ/वाराणसी/ मेरठ/ आगरा/ केस्को, कानपुर।
7. समस्त आहरण एवं वितरण अधिकारी, मध्यांचल/पूर्वाचल/पश्चिमांचल/दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि0, लखनऊ/वाराणसी/ मेरठ/ आगरा/ केस्को, कानपुर।
8. समस्त लेखाधिकारी/ सहायक लेखाधिकारी, उ0प्र0पा0का0लि0, अंशदायी भविष्य निधि ट्रस्ट।
9. अधिशासी अभियन्ता (कमरा नं0 407), शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

(पी० के० गुप्ता)
महाप्रबन्धक (वि0 एवं ले0)
एवं सचिव (ट्रस्ट)